उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 81/2024/1315/छप्पन-2024-11/2011
लखनऊ: दिनांक 19 सितम्बर, 2024

कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के अधीन अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई उत्तर प्रदेश, लखनऊ में हैलीकाप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर कार्यरत श्री राजेश कुमार को शासनादेश संख्या-1232/छप्पन-2007-53/99टी0सी0 दिनांक 10 अक्टूबर, 2007 द्वारा रू0 95,000/- (रूपए पंचानबे हजार मात्र) के नियत मासिक पारिश्रमिक पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अग्रेत्तर 05 वर्ष के लिए नियुक्त किया गया था, जिसके अनुक्रम में श्री राजेश कुमार द्वारा दिनांक 20 सितम्बर, 2007 को हैलीकाप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर कार्यभार ग्रहण किया गया। तदोपरान्त वर्षानुवर्ष इनकी संविदा अवधि बढ़ाई गई है। अंतिम बार कार्यालय-ज्ञाप संख्या-75/2019/1728/ छप्पन-2019-11/2011, दिनांक 02 सितम्बर, 2019 द्वारा श्री राजेश कुमार की संविदा अवधि दिनांक 20 सितम्बर, 2019 से अग्रेतर 05 वर्ष के लिए बढ़ाई गयी थी, जो दिनांक 19 सितम्बर, 2024 को समाप्त हो रही है।

2- निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ के द्वारा पत्र संख्या-122/ना0उ0नि0/ व्य0पत्रा0/ 2024 दिनांक 06 अगस्त, 2024 द्वारा हैलीकाप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर पूर्व शर्तों एवं प्रतिबन्धों के साथ श्री राजेश कुमार की संविदा सेवा अवधि वर्तमान मासिक पारिश्रमिक रूपए 2,71,484.00 (रूपये दो लाख इकहत्तर हजार चार सौ चौरासी मात्र) एवं शासनादेश दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार यथासमय अनुमन्य 05 प्रतिशत वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि पर दिनांक 20 सितम्बर, 2024 से अग्रेत्तर 05 वर्ष अर्थात दिनांक 19 सितम्बर, 2029 तक के लिए बढ़ाए जाने का प्रस्ताव शासन के निर्णयार्थ उपलब्ध कराया गया है।

3- निदेशक, नागरिक उड्डयन के उक्त प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई के अन्तर्गत हैलीकाप्टर अनुरक्षण अभियन्ता के पद पर कार्यरत श्री राजेश कुमार की संविदा अवधि वर्तमान मासिक पारिश्रमिक 2,71,484.00 (रूपये दो लाख इकहत्तर हजार चार सौ चौरासी मात्र) एवं शासनादेश संख्या-1422/छप्पन-2014-17/2014 दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार यथासमय अनुमन्य 05 प्रतिशत वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि पर दिनांक 20 सितम्बर, 2024 से आगामी 03 वर्ष (अर्थात 19 सितम्बर, 2027 तक) के लिए बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

4- श्री राजेश कुमार की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत् जारी रहेंगी।

5- श्री राजेश कुमार से संविदा सेवा वृद्धि के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध निष्पादित कर शासन को अभिलेखार्थ उपलब्ध कराया जाएगा।

शशांक त्रिपाठी
विशेष सचिव

2/--

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्याः 81/2024/1315/छप्पन-2024, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-:

1. निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि श्री राजेश कुमार, हैलीकाप्टर अनुरक्षण अभियन्ता से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध निष्पादित करके उसकी प्रति शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. श्री राजेश कुमार, हैलीकाप्टर अनुरक्षण अभियन्ता, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज।
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।